**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 31.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम हुए 03 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 31.05.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम हुए 03 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 31.05.2025 को चौकी कालूकुआं क्षेत्र में एक 03 वर्षीय बच्चे के सड़क पर भटकते हुए पाये जाने के सूचना प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर बच्चे को लेकर तत्परता से आस पास के लोगों से पूछताछ की गई तो पाया गया कि बच्चे की मां नाम प्रीति श्रीवास पत्नी जयकरन है जो जनपद जालौन की रहने वाली है शादी समारोह में अपने मायके कालूकुआं आयी थी। पुलिस द्वारा परिजनों को बुलाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।